# कल्याणपुरा हत्याकांड का खुलासा

- मास्टरमाइंड गिरफ्तार, 6 आरोपियों की तलाश
- 14 माह बाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता, आरोपी से चोरी का माल भी किया गया जब्त



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 जून।** जिले के बहुचर्चित कल्याणपुरा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए घटना के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर चंबल जोन पुलिस महानिरीक्षक चंबल जोन द्वारा 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मामले में शामिल अन्य छह आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

जानकारी के अनुसार 14-15 अप्रैल 2025 की रात ग्राम कल्याणपुरा में अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला सुशीला की हत्या कर दी थी तथा घर में रखे सोने- चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए थे। घटना जानकारी उस समय हुई जब महिला के पति ने सुबह छत पर जाकर देखा कि उनकी पत्नी मृत अवस्था में पड़ी है। वहीं कमरे का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना देहात में हत्या एवं चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। मृतक महिला के पति हरिदास देपुरिया के पूर्व सैनिक होने की बजह से घटना के खुलासे की मांग इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन द्वारा निरंतर की जा रही थी।

एसपी सूरज कुमार वर्मा के संज्ञान में जब यह मामला आया तो उनके द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को मामले की पतारसी के लिए निर्देशित किया। उनके निर्देशन में विशेष जांच दल का गठन किया गया। एएसपी प्रदीप पटेल, सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत तथा अटेर एसडीओपी रविंद्र वास्कले के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार जांच जारी रखी। इसके परिणाम स्वरूप 17 जून 2026 को ग्राम देहरा से मुख्य आरोपी रिंकू उर्फ महावीर राठौर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस मामले के खुलासे के लिए लगभग पुलिस ने 150 व्यक्तियों से पूछताछ की तथा 500 से अधिक लोगों के तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया तथा 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का परीक्षण किया।

**6 अन्य के साथ दिया वारदात को अंजाम:** पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने छह अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि वह अपनी महिला मित्र के घर ठहरकर क्षेत्र की रेकी करता था। योजनाबद्ध तरीके से सातों आरोपियों ने चोरी की नीयत से घर में प्रवेश किया और विरोध होने पर बुजुर्ग महिला का मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर उसके मुरैना स्थित निवास से चोरी गया माल बरामद किया गया।

### ढाई लाख रुपए का माल भी किया जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी सोने की बाली, एक सोने की अंगूठी, एक नाक की वाली तथा तीन चांदी की बिछिया सहित करीब 2.50 लाख रुपये मूल्य के आभूषण जब्त किए हैं। आरोपी ने यह भी स्वीकारा है कि इसी प्रकार चोरी के मालन का बंटवारा आपस में कर लिया था।

### सीएसपी की सतत मॉनिटरिंग से मिली सफलता

एएसपी पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस बहुचर्चित मामले के खुलासे में सीएसपी राजपूत की लगातार मॉनिटरिंग, जांच टीम को समय-समय पर दिए गए दिशा- निर्देश तथा सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की नियमित समीक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं एसडीओपी अटेर रविन्द्र वास्कले ने भी विवेचना एवं आरोपियों तक पहुंचने में अहम योगदान दिया।



## इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन ने किया अधिकारियों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 जून।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा निवासी पूर्व सैनिक हरिदास देपुरिया की धर्मपत्नी की हत्या के चर्चित मामले पुलिस द्वारा सफलतापूर्वक खुलासा किए जाने पर इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन (आईवीओ) सैनिक संगठन ने पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया। शहर अध्यक्ष सूबेदार कपिल शर्मा ने बताया कि संगठन मामले के खुलासे की मांग कर रहा था। जिला संयोजक सुनील फौजी, संरक्षक श्याम सुंदर शर्मा एवं महेश करारिया के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर एएसपी, सीएसपी और अटेर एसडीओपी के अलावा, देहात थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह राजावत, निरीक्षक मुकेश शाक्य, सब इंस्पेक्टर अजय यादव, वैभव तोमर, अतुल भदौरिया, विजय शिवहरे, एएसआई रत्ना जैन, सत्यवीर सिंह साइबर सेल, एचसी उमेश परमार, सतेंद्र यादव, प्रमोद पाराशर, गुरुदास सिंह सोढ़ी, राहुल यादव, आरक्षक कमल तोमर, फिरोज खान, राजेश राठौर, विशाल सोनी, अजय बघेल आदि का सम्मान किया गया। समाजसेवी सुनील फौजी ने पुलिस बल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस समाज का अंतिम भरोसा होती है और भिंड पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर यह साबित कर दिया है। इस मौके पर सूबेदार अरुण शर्मा, गोहद अध्यक्ष महेश करारिया फौजी, संरक्षक श्याम सुंदर शर्मा, सूबेदार राजेश शर्मा, हवलदार गोपाल शर्मा, यूथ विंग जिला उपाध्यक्ष बिल्लू यादव, रामानंद पुरोहित, विनोद थापक सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 20 जून।** शासकीय महाविद्यालय, मेहगांव (भिंड) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों को योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. डवरिया के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिजा नरवरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना एवं ध्यान से किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा नियमित योगाभ्यास के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी भी दी गई। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. आर.के. डवरिया ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिजा नरवरिया ने बताया कि इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के परस्पर संबंध को रेखांकित करती है। योग न केवल व्यक्ति को स्वस्थ बनाता है, बल्कि समाज और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का भी माध्यम है।

## जिला प्राकृतिक खेती में बने प्रदेश का मॉडल : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**गुना।** सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक विशेष आयोजन किया गया। जनपद पंचायत गुना के ग्राम पंचायत भवन पुरापोसर में प्राकृतिक कृषि आधारित कृषक संगोष्ठी एवं कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शिरकत की। कार्यक्रम में कलेक्टर ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि गुना को ऐसा जिला बनाया जाए, जहां खेती पूरी तरह प्राकृतिक पद्धति पर आधारित हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की लागत कम करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। कलेक्टर कन्याल ने कार्यशाला में अमरूद की खेती का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। उन्होंने बताया कि अमरूद पोषण के मामले में सेब से भी अधिक लाभकारी माना जाता है। उन्नत तकनीक की मदद से आज 800 ग्राम तक वजन वाला अमरूद उत्पादित किया जा सकता है। पिछले वर्ष जिले में एक लाख पौधे लगाए गए थे। यदि यह संख्या बढ़कर 10 लाख तक पहुंच जाए, तो गुना के किसानों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि हो सकती है।

## 10 दिवसीय एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित

- 350 कैडेट्स ने प्राप्त किया सैन्य एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया गया सम्मानित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 जून।** शहर के आईटीआई महाविद्यालय में 30 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) का गुरुवार को भव्य एवं गरिमामय समापन हुआ। 10 जून से प्रारंभ हुए इस शिविर में भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर और शिवपुरी जिलों के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए 350 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा के विभिन्न आयामों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

दस दिनों तक चले इस सघन प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को हथियार संचालन, निशानेबाजी (फायरिंग), फुट ड्रिल, मानचित्र अध्ययन, नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को न केवल सैन्य दृष्टि से दक्ष बनाना था, बल्कि उन्हें जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक के रूप में तैयार करना भी था। शिविर के दौरान कैडेट्स ने कठिन परिस्थितियों में कार्य करने, टीम भावना विकसित करने तथा नेतृत्व क्षमता को निखारने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण ने उन्हें किसी भी आपातकालीन स्थिति में समाज की सहायता के लिए तैयार किया।

समापन समारोह में 30 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल कुलवंत सिंह कुहाड़ ने परेड की सलामी ली तथा कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद कैडेट्स द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, समर्पण और उत्साह की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कर्नल कुहाड़ ने कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का मंच नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास और टीम वर्क विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कैडेट्स से शिविर में सीखे गए अनुशासन और मूल्यों को जीवनभर अपनाने का आह्वान किया।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस ने निराश्रित भवन में किया फल वितरण

- सेवा और संवेदनशीलता के साथ मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 जून।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामशेष बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय निराश्रित भवन पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गजनों से मुलाकात की तथा उन्हें फल वितरित कर सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने बुजुर्गों का कुशलक्षेम जाना और उनके साथ समय बिताकर उनके स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह यादव, सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अभिलाख सिंह यादव, व्हाट्सएप कोऑर्डिनेटर संदीप बघेल, बेरोजगार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विवेक जामौर, उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव अभिषेक मौर्य, परिवहन प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद बघेल सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू, कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**गुना।** शहर की लक्ष्मीनगर कॉलोनी (सकतपुर रोड) में त्रि-दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। यह धार्मिक आयोजन आगामी 22 जून तक पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के पहले दिन शनिवार को लव कुश मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया, जिसके बाद यह यात्रा लक्ष्मीनगर स्थित नवनिर्मित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची।

## गौरी सरोवर क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 जून।** शहर के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थल गौरी सरोवर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। एसडीएम अखिलेश शर्मा एवं नगर पालिका सीएमओ यशवंत वर्मा की मौजूदगी में गौरी सरोवर परिसर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

अभियान के दौरान प्रशासनिक अमले ने क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माणों तथा अनधिकृत रूप से लगाए गए ठेलों और अस्थायी अतिक्रमणों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करने की हिदायत भी दी। अधिकारियों ने बताया कि गौरी सरोवर शहर की महत्वपूर्ण धरोहर और आस्था का केंद्र है। इसकी सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए अतिक्रमण मुक्त रखना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है और भविष्य में भी नियमित रूप से निगरानी एवं समीक्षा की जाएगी। एसडीएम अखिलेश शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं सीएमओ यशवंत वर्मा ने स्पष्ट किया कि नगर पालिका द्वारा लगातार निरीक्षण किया जाएगा, ताकि दोबारा अतिक्रमण की स्थिति निर्मित न हो।

## स्वास्थ्य केंद्र में 35 लोगों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**गुना।** जिले के आरोन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय गुना की मनकक्ष टीम द्वारा लगाया गया। शिविर के दौरान डॉ. देवकी नंदन किरार द्वारा पहुंचे हुए मरीजों का गहन मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक परामर्श व मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में कुल 15 मानसिक रोगियों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ मिला। साथ ही, उपस्थित लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। शिविर में मनकक्ष टीम द्वारा आमजन को अवसाद (डिप्रेशन), चिंता विकार (एंग्जायटी), ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (डउऊ) और अत्यधिक तनाव से जुड़ी समस्याओं के लक्षण और उनके बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## फतेहगढ़ ग्राम पंचायत कार्यालय में लाखों की चोरी

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के कोहन गांव से सुरक्षा व्यवस्था और पुलिसिया कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाली एक खबर सामने आई है। चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर वहां रखा कीमती सामान पार कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि घटना के बाद जब जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे, तो सिर्फ शिकायती आवेदन लेकर उन्हें टरका दिया।

## महाकालेश्वर मंदिर परिसर में वॉटर कूलर का लोकार्पण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 जून।** शनिवार को शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल महाकालेश्वर मंदिर, गौरी सरोवर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा के लिए स्थापित नवीन वॉटर कूलर का विधिवत लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने इस जनहितकारी पहल का स्वागत किया।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि जनसुविधाओं का विस्तार करना और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, विशेषकर गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। इसी उद्देश्य से यहां वॉटर कूलर की स्थापना कराई गई है।

विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि यह वॉटर कूलर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं गौरी सरोवर क्षेत्र में भ्रमण करने वाले लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

## प्राकृतिक खेती ही भविष्य की खेती : एसडीएम

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक संचालित विशेष जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत कृषि कल्याण एवं किसान कल्याण विभाग तथा आत्मा परियोजना भिंड द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र लहार में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार विजय सिंह यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष अग्निहोत्री (विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष लहार) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रणवीर सिंह राठौर एवं डॉ. एस.पी. सिंह आदि उपस्थित रहे।



रासायनिक उर्वरकों पर सरकार को प्रतिवर्ष अरबों रुपये की सब्सिडी देनी पड़ती है, जिसे विकास कार्यों में लगाया जा सकता है।

## नीट (यूजी) पुन : परीक्षा की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 20 जून।** रविवार को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) पुन: परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एम.जे.एस. शासकीय महाविद्यालय, भिण्ड पहुंचकर परीक्षा केन्द्र की व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा के पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाएं ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में पर्याप्त रोशनी, सुचारू निगरानी व्यवस्था तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए और समय-समय पर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या या कमी सामने आती है तो तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण परीक्षा से जुड़ी तैयारियों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गौ-हद धाम का विषय विधानसभा में उठाएंगे : केशव देसाई

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 20 जून।** गोहद विधानसभा क्षेत्र की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर प्राप्त जनप्रतिनिधि मंडल के प्रतिवेदन एवं संत समाज के सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया है। गोहद क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों, देवस्थानी संपत्तियों, सांस्कृतिक धरोहरों तथा 'गौ-हद धाम' की अवधारणा से संबंधित विषय को मध्यप्रदेश शासन के समक्ष प्रभावी रूप से रखा जाएगा गोहद विधायक केशव देसाई ने कहा कि गोहद केवल एक नगर नहीं, बल्कि एक गौरवशाली सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत का केंद्र है। क्षेत्र में स्थित प्राचीन मंदिर, संत परंपराएँ, ऐतिहासिक स्थल एवं जनआस्थाएँ हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि इस विषय को शासन कआगामी विधानसभा सत्र में भी इसे प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि गोहद एवं चंबल अंचल की सांस्कृतिक पहचान को उचित सम्मान मिल सके।श्री देसाई ने कहा कि यह किसी व्यक्ति, संगठन अथवा राजनीतिक विचारधारा का विषय नहीं है, बल्कि हमारी जन्मभूमि, हमारी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों की धरोहर से जुड़ा विषय है। क्षेत्र के विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए वे हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए संकल्पित हैं।उन्होंने क्षेत्रवासियों, संत समाज, इतिहासकारों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों से आह्वान करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति निस्वार्थ भाव से गोहद एवं चंबल अंचल के विकास के लिए योगदान देना चाहता है, वह इस अभियान से जुड़े। अपने सुझाव, शोध, ऐतिहासिक दस्तावेज, जनसहयोग एवं सकारात्मक सहभागिता के माध्यम से इस जनहितकारी प्रयास को मजबूत बनाए। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि सामूहिक, संगठित और सकारात्मक प्रयास सदैव सफल होते हैं। जब समाज, संत शक्ति, जनप्रतिनिधि और जागरूक नागरिक एक दिशा में कार्य करते हैं, तब बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। अंत में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनसहयोग और शासन की सकारात्मक पहल से गोहद एवं चंबल अंचल की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास के नए द्वार खुलेंगे।

> गोहद की जनता के सम्मान, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमारा संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।
> **केशव देसाई**
> **विधायक, गोहद**


## आम सूचना

श्री छन्कीलाल उर्फ नौवत सिंह दत्तक पुत्र श्री रतीराम के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित ग्राम दबोह, तहसील लाहर एवं जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो नगर परिषद दबोह वार्ड क्र.13 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1560/1/1/1 ग्राम दबोह का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1104 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में भवन श्री सतीश कौरव, पश्चिम में-भवन श्री गोविन्द सिंह कौरव, उत्तर में-भूमि श्री सतीश कौरव एवं दक्षिण में कांच रोड है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति श्री छन्कीलाल उर्फ नौवत सिंह दत्तक पुत्र श्री रतीराम एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री छन्कीलाल उर्फ नौवत सिंह द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती मालती पत्नी श्री छन्कीलाल कौरव के हित में सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किये जाने हेतु डीड का ड्राफ्ट तैयार किया गया है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री छन्कीलाल उर्फ नौवत सिंह एवं श्रीमती मालती द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी । तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो ।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या. -भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710